**भारत सरकार**

**रक्षा मंत्रालय**

**रक्षा विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1812**

**03 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए**

**यूएस के साथ रक्षा सौदा**

**1812. श्री खगेन मुर्मु:**

**डॉ सुकान्त मजूमदार:**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त राज्य (यूएस) ने भारत को सशस्त्र ड्रोनों की बिक्री की अनुमति दी है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यूएस ने भारत को समेकित वायु और मिसाइल रक्षा प्रणाली का भी प्रस्ताव दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यूएस के साथ नेशनल एडवांस्ड सरफेस टू एयर मिसाइल सिस्टम (एनएएसएएमएस-II) के सौदे की कार्यवाही चल रही है; और

(घ) सरकार द्वारा रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)**

(क) से (घ): सरकार सुरक्षा चुनौतियों और खतरे की अवधारणा के आधार पर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की नियमित रूप से समिक्षा करती है और सुरक्षा चुनौतियों एवं संक्रियात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपयुक्त रक्षा उपस्करों को शामिल करने हेतु आवश्यक कदम उठाती है। यह एक सतत प्रक्रिया है जो विभिन्न स्वदेशी और विदेशी स्रोतों से अधिप्राप्ति के जरिए पूरी की जाती है। सशस्त्र बलों को बेहतर रूप से सुसज्जित और तैयारी की अवस्था में रखने को उच्च प्राथमिकता दी जाती है।

*****